**A–1159**

**Total Pages : 3** **Roll No. ......................**

# BAHL(N)–120

## (पद्य साहित्य परिचय)

1st Semester Examination, Session December 2024

Time : 2:00 Hrs. Max. Marks : 70

**नोट :–** यह प्रश्न–पत्र सत्तर (70) अंकों का है, जो दो (02) खण्डों 'क' तथा 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है। ***परीक्षार्थी अपने प्रश्नों के उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त (बी) उत्तर-पुस्तिका जारी नहीं की जायेगी।***

### खण्ड–क

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** 2×19=38

**नोट :–** खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **दो** (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. महाकाव्य और खण्डकाव्य के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए साहित्य में महाकाव्य की समृद्ध परंपरा को स्पष्ट कीजिए।

2. आदिकाल की रचनाओं के संदर्भ में आदिकाल की प्रवृत्तिगत विशेषताओं का परिचय दीजिए।

3. भक्ति सम्बन्धी विभिन्न दार्शनिक सिद्धान्तों को विस्तारपूर्वक समझाइए।

4. रीति शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए रीतिकाल के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

5. भारतीय नवजागरण और भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के अंतरसंबंध को विस्तारपूर्वक समझाइए।

## खण्ड–ख

### लघु उत्तरीय प्रश्न 4×8=32

**नोट :–** खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **चार** (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भक्ति आंदोलन को ईसाईयत की देन किसने मना है ?

2. रीति सिद्ध काव्य धारा के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रतिनिध कवि बिहारी की कविता पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

3. द्विवेदी युगीन काव्य की प्रमुख विशेषता इतिवृत्तात्मकता से क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट कीजिए।

4. 'छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है' डॉ. नगेंद्र के इस कथन के संदर्भ में छायावाद को संक्षिप्त रूप से समझाइए।

5. प्रयोगवाद के इतिहास में तार सप्तक की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

6. मुक्तिबोध के काव्य में फैंटेसी के प्रयोग को समझाइए।

7. हिन्दी पत्रकारिता में 'सरस्वती' की भूमिका का निरूपण कीजिए।

8. नई कविता के **दो** प्रमुख कवियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कीजिए।

**************